पेज थ्री देहरादून

देहरादून रविवार 19 अप्रैल 2020 पेज 8

हमारा दून

विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को 25 लाख का चैक सौंपते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### विधायक हरबंस कपूर ने मुख्यमंत्री राहत कोष एवं पीएम केयर फंड में दी मदद

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत कैंट विधायक हरबंस कपूर ने अपनी विधानसभा के लोगों द्वारा एकत्रित 9 लाख 41 हजार 656 रुपए की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष एवं 01 लाख 38 हजार 802 रुपए की धनराशि पीएम केयर फंड में दी है। इसके अलावा डी.ए.वी.पीजी कॉलेज दून एवं डी.बी.एस.पीजी कॉलेज देहरादून ने मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 2.5–2.5 लाख रुपए के चेक दिए हैं। राकेश ओबेरॉय ने 1 लाख 25 हजार, निष्काम सेवा ट्रस्ट भूपतवाला हरिद्वार एवं बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन प्रसाद थपलियाल ने 51–51 हजार की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दी है।

### कोरोना वारियर्स की सुरक्षा के लिये 200 सैनिटाइजर वितरित किये

**संवाददाता** देहरादून। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया देहरादून चैप्टर व सी.आई.आई. द्वारा कोरोना वारियर्स की सुरक्षा के लिये 200 सैनिटाइजर वितरित किये गए। देहरादून में राजपुर रोड पर ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजीव रावत एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को पीआरएसआई दून चैप्टर के सचिव अनिल सती द्वारा 200 सैनिटाइजर उपलब्ध कराये गये। पीआरएसआई दून चैप्टर के सचिव अनिल सती ने बताया कि पीआरएसआई कोरोना से बचाव के लिये जनजागरूकता कार्यक्रम कर रही है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पहुंचे डोईवाला

**संवाददाता** डोईवाला। कोरोना वायरस कोविड 19 आपदा की घड़ी में जरुरत मंद और असहाय लोगों तक जरुरी सामान पहुंचा रहे है ओर इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष प्रीतम सिंह कार्यकर्ताओं का उत्साह बढाया। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा है कि हर जरुरतमंद की मदद करना कांग्रेस का धर्म है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजवीर खत्री के साथ तमाम कार्यकर्ता भी रहे उपस्थित।

### पांच सौ जरूरतमंदों को प्रदान किया जा रहा भोजन

**संवाददाता** देहरादून। समाजसेवी बृजमोहन नौडियाल एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा हर रोज पांच सौ व्यक्तियों के लिए खाना बना कर पुलिस थाने व चौकियों की मदद से जरूरतमंद लोगो को वितरित किया जा रहा है। कारगी रोड स्थित जेपी प्लाजा वेडिंग प्वाइंट में आज भी कई समाजसेवी आगे आये और उन्होंने कई खाद्य पदार्थ समाजसेवी बृजमोहन नौडियाल को प्रदान करते हुए अपना सहयोग एवं योगदान दिया, जिससे कि जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सौंपा 25 लाख का चैक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से उनके शासकीय आवास पर भेंट कर कोरोना महामारी से निपटने के लिए अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को विभिन्न व्यक्ति अथवा संस्थाओं द्वारा 25 लाख 51 हजार रुपए की सहायता राशि का चैक भी भेंट किया।

इस अवसर पर भेंटवार्ता के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोरोना वायरस से निपटने व लॉक डाउन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा वार्ता की साथ ही अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में दी गई 25 लाख 51 हजार रुपये की सहायता राशि के चैक भी मुख्यमंत्री को सौंपे। इस दौरान अग्रवाल ने क्षेत्र के महंत अशोक प्रपन्न शर्मा द्वारा 5 लाख रुपये, हर्षवर्धन शर्मा द्वारा 10 लाख रुपए, विशन खन्ना द्वारा 10 लाख रुपये एवं गुरविंदर सलूजा द्वारा 51 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक मुख्यमंत्री को प्रदान किए। इस दौरान अग्रवाल ने कोविड–19 वैश्विक जैसी महामारी से बचाव हेतु क्षेत्र के लोगों द्वारा प्रधानमंत्री केयर फंड हेतु दी गई एक लाख 53 हजार रुपये सहायता राशि के चेक भी मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को सौंपा। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र से गुरविंदर सलूजा द्वारा 51 हजार रुपये, आनंद चांदना द्वारा 51 हजार रुपये एवं जगमोहन चौहान द्वारा 51 हजार रुपये सहायता राशि के चेक प्रधानमंत्री केयर फंड में जमा करने हेतु मुख्यमंत्री को प्रदान किए गए।

# उत्तराखड़ में अब तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 42 पहुंची

**कोरोना संकट**

**संवाददाता**

देहरादून। शनिवार सुबह मिली रिपोर्ट में एक महिला और एक श्रमिक कोरोना पॉजिटिव पाए गए। महिला जमाती की पत्नी है, उसका पति निजामुददीन स्थित मकरज में हुए जलसे से लौटा था। वह पहले ही संक्रमित पाया जा चुका है। महिला हरिद्वार के मानक माजरा गांव की रहने वाली है। इस गांव को तीन दिन पहले कंपलीट लॉकडाउन कर दिया था। यहां के 38 लोग एक निजी अस्पताल में आइसोलेट हैं। शनिवार को दूसरा संक्रमित मरीज पेशे से मजदूर है और मूलरूप से हाथरस का रहने वाला है। वह यहां अपने साथियों संग क्वारंटाइन है। 15 अप्रैल को उसी तबीयत खराब हुई थी। 16 घंटे के अंतराल में उत्तराखंड में पांच कोरोना संक्रमित मरीज सामने आने से सरकार की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश में अब तक कोरोना संक्रमित 42 मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें नौ स्वस्थ्य हो चुके हैं।

वहीं, बीते रोज प्रदेश में कोरोना संक्रमण के तीन और मामले सामने आये हैं। इनमें सैन्य अस्पताल की महिला चिकित्सक, एक जमाती और नौ महीने का एक बच्चा शामिल हैं। डाक्टर और बच्चा देहरादून जिले से हैं, जबकि जमाती उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले का निवासी है। डॉक्टर के संपर्क में आए लोगों का पता लगाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक कोरोना संक्रमित 40 मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें नौ स्वस्थ्य हो चुके हैं। शुक्रवार को प्रदेश में 202 सैंपलों की जांच रिपोर्ट मिली है। इनमें 199 मामलों में जांच रिपोर्ट निगेटिव और तीन की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें शामिल सैन्य अस्पताल की महिला चिकित्सक इसी महीने 10 अप्रैल को लखनऊ से लौटी थीं। वह मार्च में लखनऊ में आयोजित एक प्रशिक्षण में भाग लेने गई थीं। इस प्रशिक्षण में लगभग 40 डाक्टरों ने भाग लिया था। आशंका जताई जा रही है कि संभवतरू वह वहां किसी संक्रमित के संपर्क में आई हों। संक्रमित डाक्टर के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने के लिए लखनऊ में सेना के अफसरों से संपर्क साधा गया है। जिला प्रशासन की टीम शनिवार को डाक्टर की आवासीय कालोनी जाकर हालात का जायजा लेगी।

चिंताजनक पहलू यह कि आज मिले पॉजिटिव मरीजों में नौ महीने का बच्चा भी शामिल है। कोरोना के कारण पाबंद की गई भगत सिंह कॉलोनी निवासी इस बच्चे का पिता पहले ही संक्रमित पाया जा चुका है। प्रदेशभर से शनिवार को 227 नए सैंपल भेजे गए।

### शनिवार को मिले कोरोना संक्रमण के दो और मामले

**अस्पताल में मां के साथ रहेगा बच्चा**

नौ माह के मासूम में कोरोना की पुष्टि होने के बाद अब चिकित्सकों के लिए भी चुनौती बढ़ गई है। प्रदेश में इतनी कम उम्र का यह पहला मामला है। बच्चा अब तक संस्थागत क्वारंटाइन था जिसे दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। उसकी कम उम्र को देखते हुए उसे उसकी मां के साथ अलग वार्ड में रखा गया है। अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ. एनएस खत्री का कहना है कि बच्चा बहुत छोटा है और मां का दूध पीता है। ऐसे में मां को बच्चे से अलग नहीं किया जा सकता। मानवीय आधार पर मां को भी उसी के साथ रखा गया है। मां को भी संक्रमित की तरह ही ट्रीट किया जाएगा। उनकी भी बच्चे के साथ नियमित जांच कराई जाएगी। मां को ब्रेस्ट फीडिंग आदि में खास एहतियात बरतने के लिए कहा गया है।

## लॉकडाउन उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने की कार्यवाही

**कार्यवाही**

■ चालान की कार्यवाही की करते हुए जुर्माना वसूल किया



देहरादून। **संवाददाता**

लॉकडाउन–दो में भी लोग सड़कों पर आकर नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे है वहीं दूसरी ओर पुलिस ने घंटाघर सहित अन्य प्रमुख चौराहों व आसपास के क्षेत्रों में बेवजह घूम रहे लोगों के खिलाफ चालान की कार्यवाही की करते हुए जुर्माना वसूल किया है और इस बीच कई लोगों ने इसका विरोध भी किया लेकिन पुलिस ने किसी भी नहीं बक्शा और लगातार चालान काटते रहे। यहां लाकडाउन–दो शुरू होते ही पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गयी थी कि वह बेवजह सड़कों पर आकर खुद को व अन्य लोगों को परेशानी में न डालें। इस बीच पुलिस की इस अपील के बावजूद आज एक बार फिर सुबह से ही सड़कों पर बेवजह घूमने वाले लोग नजर आये। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा घंटाघर सहित सभी चौक चौराहों पर कार्यवाही करते हुए कई लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गयी और उन्हे दोबारा सड़कों पर बेवजह न घूमने के विषय में चेताया गया।

विश्वभर के साथ ही देश व प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने के लिए राजधानी दून के मुख्य चौराहों पर पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों को उतार दिया गया है। पैरा मिलिट्री फोर्स के यह जवान, पुलिस, सीपीयू, सिविल डिफेंस व एनसीसी कैडेट लॉकडाउन का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ कड़ा रूख अपनाएगे। लॉकडाउन का पालन सख्ती से हो इसके लिए केन्द्र द्वारा उत्तराखण्ड को पैरा मिलिट्री फोर्स की छह कम्पनियां प्रदान की गयी है।

## दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारियों ने मांगा चार माह का वेतन

**संवाददाता** देहरादून। दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ वन विभाग उत्तराखंड के कार्मिकों को पिछले चार माह से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है जिससे उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश ने कहा है कि वन विभाग के कालागढ़ टाईगर रिजर्व प्रभाग लैंसडाउन के आउटसोर्स कर्मचारियों को चार माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है एवं उत्तराखंड प्रदेश के अन्य प्रभागों में आठ माह, तीन माह व चार माह से भी आउटसोर्स कार्मिकों के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है जिसके कारण उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश मे लॉकडाउन की स्थिति बनी हुई है और बिना वेतन के सभी आउटसोर्स कार्मिकों को अपनी व अपने परिवार की आजीविका चलाने में भारी परेशानियों का सामना कना पड रहा है ओर व चार माह से वेन न मिलने पर इस महामारी में उनकी स्थिति जीर्ण शीर्ण होने को है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।